**सं. डीएसआईआर/एमएस/2021/12**

भारत सरकार

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय

वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग

मंत्रिमंडल हेतु मासिक सारांश

(माह **दिसंबर 2021** हेतु)

(भाग-I अवर्गीकृत)

**<u>माह दिसंबर,2021 के दौरान प्रमुख उपलब्धियां:</u>**

**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर)**

**विकसित/हस्तांतरित नई प्रौद्योगिकियां/प्रक्रियाएं**

- सीएसआईआर-आईएचबीटी ने निर्जलित पुष्प उत्पादों और सजावटी फूलों की निर्जलीकरण तकनीकों की मानकीकरण प्रक्रियाओं का विकास किया ।
- सीएसआईआर-एनआईआईएसटी ने अपने क्लाइंट मेसर्स एपेक्स कोको एंड सोलर एनर्जी लिमिटेड, तिरुपुर, तमिलनाडु के लिए प्रोटीन युक्त नारियल फाइबर विकसित किया ।
- सीएसआईआर-सीबीआरआई ने 30 दिसंबर, 2021 को मेसर्स सूर्य भट्ट कंपनी, सोनीपत (हरियाणा) और मेसर्स कर्मा भट्ट कंपनी, बागपत (यूपी) को आंतरिक ईंधन आधारित पर्यावरण अनुकूल और ऊर्जा दक्ष पकी हुई मिट्टी की ईंटों के विनिर्माण संबंधी प्रौद्योगिकी हस्तांतरित की ।
- सीएसआईआर-सीएफटीआरआई ने मेसर्स श्रीनिवास फार्म्स प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद को रेडी-टू-ईट शेल्फ स्टेबल एग क्रंची बाइट की प्रक्रिया हस्तांतरित की ।
- सीएसआईआर-सीएफटीआरआई ने मेसर्स प्रिया गृह उद्योग, विजयपुर को शेल्फ-स्टेबल ज्वार के आटे की प्रक्रिया हस्तांतरित की ।
- सीएसआईआर-आईआईसीटी ने पॉडोफिलोटॉक्सिन को 4'-डी मिथाइल एपी-पोडोफिलोटॉक्सिन में बदलने की प्रक्रिया नामेक्स केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड (हिमाचल प्रदेश) को हस्तांतरित की ।

**हस्ताक्षरित/ सहयोग/समझौते/समझौता ज्ञापन (राष्ट्रीय)**

- दिनांक 16.12.2021 को मेसर्स कॉन्टैक्ट कंसोर्शियम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, सिडको नगर, विल्लीवक्कम, चेन्नई के साथ विभिन्न क्षमताओं की आसवन इकाइयों का उपयोग करते हुए और डिजाइन, विनिर्माण के लिए सीएसआईआर-आईएचबीटी प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौता ।
- सीएसआईआर-सीएफटीआरआई ने दिनांक 10.12.2021 को मेसर्स एसएलएन कॉफी प्राइवेट लिमिटेड कुशालनगर, कोडागु के साथ एक तत्काल कॉफी प्रक्रिया और अन्य संबद्ध गतिविधियों के मूल्यवर्धन पर सहयोगी परियोजना के लिए समझौता ज्ञापन किया ।
- सीएसआईआर-सीआईएमएफआर ने दिनांक 17-12-2021 को कोयला नमूनाकरण कार्य के लिए साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल), एसईसीएल भवन, सीपत रोड, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, मेसर्स आर.के.एम पावरजेन प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नई के साथ त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए ।
- सीएसआईआर-आईएचबीटी ने नैनो प्रौद्योगिकी अनुसंधान संयुक्त रूपसे करने के लिए जेएसएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए ।
- सीएसआईआर-आईएचबीटी ने दालचीनी (सिनेमोमम वेरम) के लिए अनुसंधान, जन प्रचार, क्षमता निर्माण और कौशल विकास गतिविधियों द्वारा नवोन्मेषों के हस्तांतरण के माध्यम से हिमाचल प्रदेश में कृषि आय, आजीविका संवर्धन और ग्रामीण विकास में वृद्धि के लिए दिनांक 07.12.2021 को डॉ बालासाहेब सावंत कोंकण कृषि विद्यापीठ (डीबीएसकेकेवी), जिला रत्नागिरी, महाराष्ट्र के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए ।
- सीएसआईआर-आईएचबीटी ने ट्रैवल/पॉकेट परफ्यूम (4-5 वेरियंट) बनाने के लिए प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण हेतु दिनांक 28.12.2021 को मैसर्स द फ्रेग्रेंस, पालमपुर, मरांडा, जिला कांगड़ा के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए ।
- सीएसआईआर-आईआईसीटी ने निम्नलिखित समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए:
    - डाइप्रोपाइलीन ग्लाइकोल और एक्रीलिक एसिड से डाइप्रोपाइलीन ग्लाइकोल डायएक्रीलेट (डीपीजीडीए) हेतु प्रक्रिया विकास के लिए क्रेस्ट स्पेशियेलिटी रेजिन्स प्राइवेट लिमिटेड, खेड़ा, गुजरात के साथ ।
    - काइरल अणुओं का उत्पादन करने के लिए जैव उत्प्रेरण प्रतिक्रिया करने में सलाहकार परामर्श और काइरल अभिकर्मकों / उत्प्रेरकों का उपयोग करके काइरल अल्कोहलों के संश्लेषण में सलाहकार परामर्श हेतु एम्मेनार फार्मा प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद के साथ ।
    - औषधीय रसायन विज्ञान और विश्लेषणात्मक रसायन विज्ञान से संबंधित अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों में सहयोग हेतु डांडू बायोसाइंसेज प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद के साथ ।

- सीएसआईआर-आईआईपी ने निम्नलिखित पर कार्य शुरु करने के लिए डॉर्फ़ कैटल केमिकल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए:
    - पर्यावरणानुकूल डीजल परियोजना हेतु उत्प्रेरक
    - विभिन्न प्रक्रियाओं के लिए सजातीय और विजातीय उत्प्रेरक
    - पाइपलाइन के लिए मोम संदमक / परिक्षेपक प्रौद्योगिकी उत्पाद
- सीएसआईआर-यूआरडीआईपी ने केपीआईटी को आईपी सेवाएं प्रदान करने के लिए केपीआईटी टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए ।
- सीएसआईआर-सीसीएमबी समझौता ज्ञापन/करार:
    - जैव प्रौद्योगिकी शिक्षण के क्षेत्र में क्षमता निर्माण/कौशल विज्ञान कार्यक्रम पर तेलंगाना राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद ( टीएससीओएसटी) के साथ ।
    - आपसी हित विशेष रूप से चिकित्सकीय रूप से उन्मुख सेल और आणविक जीव विज्ञान, जैव रसायन और जैव भौतिकी, आनुवंशिकी और नैनो-जीव विज्ञान के सीमावर्ती क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सहयोगात्मक अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) के लिए एल वी प्रसाद आई इंस्टिट्यूट (एलवीपीईआई) के साथ ।
    - "आरएनटीयू भोपाल द्वारा तैयार किए गए चयनित प्राकृतिक/आयुर्वेदिक/हर्बल उत्पादों / सूत्रणों की सार्स-कोव 2 प्रावरोधी और / या एंटी-कोविड 19 प्रभावकारिता गतिविधियों की खोज" के लिए रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू), भोपाल के साथ ।

**हस्ताक्षरित/सहयोग/समझौते/ समझौता ज्ञापन (अंतर्राष्ट्रीय)**

- सीएसआईआर-सीडीआरआई ने दिनांक 22/12/2021 को "स्थलीय पौधों की जड़ी-बूटियों *डालबर्गिया सिसू* (ए-4744 नामक सीएसआईआर-सीडीआरआई प्लांट एक्सट्रेक्ट)" के लिए एवीईटीए बायोमिक्स इंक, यूएसए के साथ एक लाइसेंसिंग समझौते पर हस्ताक्षर किए ।
- सीएसआईआर-आईएचबीटी ने दिनांक 28.12.2021 को प्लांट हेल्थ इंस्टिट्यूट मोंटपेलियर, मोंटपेलियर, फ्रांस के साथ एक संयुक्त अनुसंधान परियोजना जिसका शीर्षक “रोल ऑफ वाइरल एंड होस्ट फैक्टर्स इन सर्क्युलेटिव ट्रांस-मिशन ऑफ टोमैटो बेगोमोवाइरसेज बाई व्हाइटफ्लाइ टैबेकी” है, के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए ।
- सीएसआईआर-आईआईसीटी ने "पाइरोनारिडाइन के कम लागत वाले पर्यावरण अनुकूल संश्लेषण का विकास" (बजट- $90,000, कार्यकाल -1 वर्ष) पर सहायता अनुदान

परियोजना के लिए बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन (बीएमजीएफ), यूएसए के साथ एक अंतर्राष्ट्रीय अनुदान समझौते पर हस्ताक्षर किए ।

- सीएसआईआर-आईआईपी ने पेट्रोलियम के अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम क्षेत्र में संभावित व्यावसायिक संबंधों के मूल्यांकन के लिए सका चेवन रिसर्च काउंसिल, सास्काटून के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए ।

**पेटेंटों की अद्यतन स्थिति**

| **फाइल किए गए पेटेंट** | | **प्रदत्त पेटेंट** | | **पेटेंट अभियोजन** | |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | विदेश* | भारत | विदेश* | भारत | विदेश* |
| 14 | 17 | 23 | 13 | 26 | 125 |

* उक्त अवधि के दौरान आईपीयू को सूचित किया गया डाटा और बाद में राष्ट्रीय चरण प्रविष्टियों के दौरान बढ़ सकता है

**प्रदान की गई उच्च प्रभाव वाली एस एंड टी सेवाएं**

- सीएसआईआर-4पीआई ने प्रयोगशालाओं और एडीई (वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान) जैसे रणनीतिक सरकारी संस्थानों को उच्च निष्पादकता वाली कंप्यूटिंग सेवाएं प्रदान कीं ।
- सीएसआईआर-सीसीएमबी ने 188 सैम्पलों वाले 176 परिवारों के लिए आणविक नैदानिकी सेवाएं प्रदान कीं ।
- सीएसआईआर-सीआरआरआई:
  - एनडीएमसी क्षेत्र, नई दिल्ली के अंतर्गत सफदरजंग एयरपोर्ट अरबिंदो रोड सह रेल फ्लाईओवर के लिए पुनर्वासन उपायों हेतु संरचनात्मक संकटों और सुझावों की विस्तृत जांच ।
  - द्वारका एक्सप्रेसवे पर पियर पी1 पर पेडस्टल की जांच और संकटग्रस्त पियर और पियर कैप पी107, पी108, पी109 का सुदृढ़ीकरण ।
  - उत्तर प्रदेश में एनएच-91 पर 4-लेन सेक्शन (पैकेज-5) के लिए डीबीएम-1 के रेजिलिएंट मॉड्यूलस का निर्धारण और सीटीजीएसबी के मिक्स डिज़ाइन का पुनरीक्षण ।
  - छत्तीसगढ़ राज्य में एनएच -130 पर बिलासपुर-पथरापाली खंड की अरपा नदी पर मेजर-ब्रिज (22+905 किमी पर) के लिए 4 पीएससी गर्डरों की संरचनात्मक अखंडता का आंकलन और उपाय सुदृढ़ीकरण हेतु सुझाव ।

    - एनएचएआई की भारतमाला परियोजना (पैकेज 5, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे) के तहत बांदीकुई जंक्शन और राजस्थान के बीवई जंक्शन के बीच एनएच -148एन पर रेलवे किमी 139.4 पर आरओबी का उपकरणन ।
- सीएसआईआर-आईएचबीटी ने एनआईटी हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश के लिए नमूनों का प्रवाह साइटोमेट्री और साइटोटोक्सिसिटी विश्लेषण किया ।
- सीएसआईआर-आईआईपी सेवाएं:
  - मैसर्स डोर्फ़-कैटल को प्रदान किए गए हाइड्रो-प्रसंस्करण उत्प्रेरक संबंधी डोर्फ-कैटल सल्फाइडिंग एजेंट का सल्फाइड निष्पादकता मूल्यांकन ।
  - भारतीय वायु सेना हेतु संधारणीय विमानन ईंधन उत्पादन ।
  - बायोडीजल एसोसिएशन ऑफ इंडिया हेतु प्रयुक्त कुकिंग ऑयल आधारित बायोडीजल का ऑडिट और मूल्यांकन ।
  - मैसर्स सन ऑयल कंपनी प्रा. लिमिटेड, कोलकाता के लिए सिंथेटिक एस्टर आधारित हाइड्रोलिक द्रव की निष्पादकता जांच ।
  - मिडल ईस्ट रिफाइनरियों में रिफॉर्म्युलेटेड एलपीजी मधुरण उत्प्रेरक थॉक्सकैट-ईएस का वाणिज्यीकरण ।
- सीएसआईआर-नीरी:
  - डिविस लैबोरेटरीज लिमिटेड, चौतुप्पल में और उसके आसपास भूजल गुणवत्ता मूल्यांकन और मॉडलिंग संबंधी अध्ययन ।
  - कर्नाटक के माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार संरक्षण, जीर्णोद्धार और कायाकल्प के लिए मैसूर की अय्याजयनहुंडी और केरागल्ली झीलों का अध्ययन ।
  - बाघजान ऑयल ब्लो आउट साइट और उसके आस-पास, तिनसुकिया, असम में वायु, पानी और मिट्टी की गुणवत्ता का आंकलन ।
  - विंध्याचल सुपर थर्मल पावर स्टेशन, सिंगरौली, मध्य प्रदेश में खतरनाक अपशिष्ट निपटान हेतु सुरक्षित भूमि भराव (एसएलएफ) की पर्यावरण संबंधी लेखा परीक्षा ।
  - नागपुर शहर में वायु गुणवत्ता प्रबंधन हेतु क्षमता निर्माण और तकनीकी सहायता ।

**आउटरीच गतिविधियां (जिज्ञासा, कौशल विकास, और अन्य)**

- सीएसआईआर-4पीआई: श्री सत्य साईं इंस्टिट्यूट फॉर ह्यूमन एक्सीलेंस के लगभग 50 छात्रों को कंप्यूटर अनुप्रयोगों पर प्रशिक्षित किया गया ।"
- 27-29 दिसंबर, 2021 के दौरान सीएसआईआर एकीकृत कौशल पहल के तत्वावधान में 'बांस - इमारतों के लिए संधारणीय पर्यावरण अनुकूल सामग्री' पर आयोजित सीएसआईआर-सीबीआरआई वेबिनार सीरीज 17.0 सफलतापूर्वक आयोजित की गई थी ।

- सीएसआईआर-सीसीएमबी:
    - "कोशिका और आणविक जीव विज्ञान में बुनियादी तकनीक" - डीबीटी-स्टार कॉलेज योजना के तहत अवर स्थान लाइफ साइंस के छात्रों के लिए 30 नवंबर से 3 दिसंबर 2021 तक आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम और भवन के विवेकानंद कॉलेज ऑफ साइंस, ह्यूमैनिटीज एंड कॉमर्स, सैनिकपुरी, सिकंदराबाद के 10 छात्रों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया ।
    - 1 दिसंबर से 28 दिसंबर 2021 तक आयोजित "डीएनए आधारित वन्य जीव फोरेंसिक" संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम । नागपुर के चार आरएफएल अधिकारियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया ।
    - "एसबीआई फाउंडेशन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर जीनोमिक्स गाइडेड पैंडेमिक प्रिवेंशन सैटेलाइट सेंटर्स" के लिए एनजीएस वेट लैब और जैव सूचना विज्ञान पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया । 14 से 17 दिसंबर, 2021 तक विजयवाड़ा केंद्र के सात कार्मिकों और शिलांग केंद्र के चार कार्मिकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया ।
    - यंग इनोवेटर्स प्रोग्राम का उद्घाटन सत्र । सीसीएमबी में दो सप्ताह के व्यक्तिगत कार्यक्रम के लिए 21 छात्रों का चयन किया गया । एक युवा वैज्ञानिक के जीवन पर पत्रिका प्रकाशित की: https://scitales.ccmb.res.in/the-cell-membrane-detective/
- सीएसआईआर-सीडीआरआई: गोयल इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड साइंस, लखनऊ के छात्रों के लिए छात्र प्रेरणा कार्यक्रम ।
- सीएसआईआर-सीईसीआरआई:
    - दिनांक 06.12.2021 से 10.12.2021 के दौरान आयोजित "इलेक्ट्रोकेमिकल पावर सोर्सज: लेड-एसिड बैटरी- केयर एंड मेंटेनेंस" पर एक सप्ताह का ऑनलाइन कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम । कुल पंजीकृत उम्मीदवार: 122.
    - जिज्ञासा के तहत, सीएसआईआर-सीईसीआरआई ने चार कनेक्ट विद साइंटिस्ट्स वेबिनार आयोजित किए ।
- सीएसआईआर-सीएफटीआरआई:
    - दिनांक 21.12.2021 को मैसूर, मांड्या, हासन, चामराजनगर और कोडागु जिलों के छह केंद्रीय विद्यालयों के बच्चों के लिए जिज्ञासा ऑनलाइन क्विज़ कार्यक्रम आयोजित किया गया ।
    - 15 नवंबर से 10 दिसंबर 2021 तक सीएसआईआर एकीकृत कौशल पहल के तहत एनएसडीसी-संरेखित बेकिंग तकनीशियन कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें 18 प्रतिभागियों ने भाग लिया था ।

    - 28 से 30 दिसंबर 2021 के दौरान अकोलावाला खाद्य प्रसंस्करण संघ, अकोला जिला, महाराष्ट्र के लिए मूल्यवर्धन हेतु फलों, सब्जियों और मसालों के प्रसंस्करण पर ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें 15 प्रतिभागियों ने भाग लिया था ।
- सीएसआईआर-सीजीसीआरआई:
    - सीएसआईआर-जिज्ञासा का छठा वेबिनार 3 दिसंबर 2021 को आयोजित किया गया था । डॉ पराग भार्गव, आईआईटी-बॉम्बे ने "फ्रॉम अर्ली ह्यूमन टू इनफिनिटी: द एवर लास्टिंग पार्टनरशिप विद सिरामिक मटीरियल्स" विषय पर एक व्याख्यान दिया ।
    - सीएसआईआर-सीजीसीआरआई ने 16-17 दिसंबर, 2021 के दौरान सीएसआईआर एकीकृत कौशल पहल कार्यक्रम के एक भाग के रूप में दत्तपुकुर, नार्थ 24 परगना, पश्चिम बंगाल में "टेराकोटा प्रसंस्करण" पर एक कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किया ।
- सीएसआईआर-सीआईएमएफआर: 29 नवंबर से 4 दिसंबर 2021 के दौरान "जैविक खेती और वर्मीकम्पोस्ट" पर कौशल विकास कार्यक्रम ।
- सीएसआईआर-सीआरआरआई:
    - 01-03 दिसंबर, 2021 के दौरान "राजमार्ग परियोजनाओं के लिए भू-तकनीकी और भूस्खलन जांच" पर तीन दिवसीय नियमित ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम । इस कार्यक्रम में भारत के विभिन्न भागों के 52 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
    - सीएसआईआर-सीआरआरआई ने 20-24 दिसंबर, 2021 के दौरान सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के अधिकारियों के लिए "कैप्सूल ऑन एयरफील्ड इंजीनियरिंग" पर पांच दिवसीय कस्टमाइज़्ड ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया । इस कार्यक्रम में बीआरओ, भारत सरकार के 22 अधिकारियों ने भाग लिया ।
- सीएसआईआर-सीएसआईओ: सीएसआईआर एकीकृत कौशल पहल कार्यक्रम (सीएसआईआर-आईएसआई) के तहत निम्नलिखित कार्यशाला आयोजित की गई ।
    - 23 दिसंबर, 2021 को 'इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रिकल उपकरणों की मरम्मत, सेवा और रखरखाव के मूलतत्व' विषय पर एक दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित की गई ।
    - 28 दिसंबर, 2021 को "सीएडी/सीएएम प्रौद्योगिकियों के मूल तत्व" पर एक दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित की गई ।
- सीएसआईआर-आईएचबीटी:
    - दिनांक 15.12.2021 को हिमकोस्टे शिमला द्वारा विज्ञान उत्सव में "स्वदेशी प्रौद्योगिकी" पर वार्ता आयोजित की ।

- दिनांक 27.12.2021 को गुणवत्ता नियंत्रण जीवविज्ञानी और लैब तकनीशियन पाठ्यक्रम के छात्रों के लिए हिमकोस्टे के कौशल भारत कार्यक्रम के तहत व्याख्यान ।
- दिनांक 06.12.2021 को सीएसआईआर-आईएचबीटी टीम द्वारा ग्राम सुकेरी, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश में सुगंधित एवं फूलों की खेती पर एक दिवसीय जागरूकता सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में किसान, ग्राम प्रधान, जिला परिषद सदस्य एवं हिमाचल ऊन महासंघ के अध्यक्ष ने भाग लिया ।

- सीएसआईआर-आईआईसीटी:
  - सीआरसीएल के छठे बैच के 20 अधिकारियों के लिए क्रोमैटोग्राफी, स्पेक्ट्रोस्कोपी आदि जैसी उन्नत विश्लेषणात्मक रसायन विज्ञान तकनीकों पर एक कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था ।
  - सीएसआईआर-एकीकृत कौशल पहल के तहत सीएसआईआर-आईआईसीटी में जल शोधन और विश्लेषण पर एक कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था ।
  - सीएसआईआर जिज्ञासा वर्चुअल लैब शुभारंभ @ जिला परिषद हाई स्कूल, चटाकोंडा और नव भारत हाई स्कूल, पालोनचा कोठागुड्म, तेलंगाना में शनिवार 18 दिसंबर 2021 को आयोजित किया गया था ।
- सीएसआईआर-आईआईपी ने दिनांक 15/11/21 से दिनांक 24/12/21 के दौरान 'विश्लेषणात्मक रसायन विज्ञान, उपकरण और तकनीक' पर और दिनांक 15/11/21 - दिनांक 10/12/21 के दौरान 'पेट्रोलियम उत्पादों का परीक्षण' पर दो बुनियादी कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए ।

- सीएसआईआर-नीरी:
  - 10 दिसंबर, 2021 को "अच्छे प्रयोगशाला अभ्यास (जीएलपी)" पर ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया ।
  - दिसंबर 14-15,2021 के दौरान "मृदा गुणवत्ता मूल्यांकन और भूमि प्रबंधन" पर ऑनलाइन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया ।
  - 23 दिसंबर,2021 को आयोजित "प्रदूषण शमन और पारिस्थितिक स्थिरता के लिए बांस विविधता का उपयोग कर फ्लाई ऐश डंप का पर्यावरण अनुकूल-कायाकल्प" पर ऑनलाइन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम ।
- सीएसआईआर-एनआईआईएसटी: "रासायनिक और धातुकर्म प्रक्रिया गणना" और "मुद्रित इलेक्ट्रॉनिक्स आधारित उन्नत उपकरण निर्माण" पर कौशल विकास पाठ्यक्रम केंद्रीय विद्यालयों के छात्रों के लिए सीएसआईआर-एनआईआईएसटी जिज्ञासा -

आईआईएसएफ 2021 दो दिवसीय कार्यक्रम (ऑनलाइन क्विज़, वैज्ञानिकों के साथ परस्पर बातचीत, विज्ञान व्याख्यान आदि)।

**आयोजित सम्मेलन, सेमिनार / वेबिनार**

- सीएसआईआर-4पीआई ने गोवा में आयोजित भारतीय अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव 2021 में खेल और खिलौनों के उत्सव का आयोजन किया ।
- सीएसआईआर-सीसीएमबी ने जीनोमिक्स निर्देशित महामारी रोकथाम प्रयोगशाला हेतु एसबीआई फाउंडेशन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस लॉन्च किया ।
- सीएसआईआर-सीएसआईओ ने 16 दिसंबर, 2021 को "उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) के मूल सिद्धांत" पर एक दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित की ।
- सीएसआईआर-आईएचबीटी ने हिमाचल प्रदेश राज्य कृषि विभाग के सहयोग से दिनांक 14.12.2021 को स्वर्ण जयंती चाय मेला - 2021 का आयोजन किया जिसमें 500 चाय उत्पादकों/उत्साही लोगों ने भाग लिया ।
- सीएसआईआर-आईएचबीटी ने भारतीय अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव-2021 के दौरान 13 दिसंबर 2021 को पणजी, गोवा में दालचीनी (सिनेमन) की बड़े पैमाने पर संगठित खेती और प्रसंस्करण पर आधे दिन का सत्र आयोजित किया ।

**कोविड संबंधित विकास**

- सीएसआईआर-सीसीएमबी ने ओमिक्रॉन वेरियंट की आरटी-पीसीआर आधारित संसूचन के लिए प्राइमर/जांच को विकसित और मान्य किया ।

**संस्थान/प्रयोगशाला में उच्च स्तरीय गणमान्य व्यक्तियों का दौरा**

- माननीय ग्रामीण विकास, पंचायती राज, कृषि, मत्स्य पालन और पशुपालन मंत्री हिमाचल प्रदेश सरकार श्री वीरेंद्र कंवर ने 14 दिसंबर, 2021 को सीएसआईआर-आईएचबीटी, पालमपुर में आयोजित "स्वर्ण जयंती चाय मेला" के मुख्य अतिथि के रूप में सीएसआईआर-आईएचबीटी का दौरा किया ।
- रॉयल नॉर्वेजियन महावाणिज्य दूतावास, श्री अर्ने जान फ्लोलो और उनके प्रतिनिधिमंडल ने सीएसआईआर-राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान का दौरा किया ।
- सुश्री एना फेरैंड, डोमिनिकन गणराज्य की प्रथम सचिव दूतावास ने सहयोगी कार्यक्रमों पर चर्चा करने के लिए सीएसआईआर-एनआईओ, गोवा का दौरा किया ।

- एम्बेसी आफ फ्रांस / फ्रेंच इंस्टिट्यूट इन इंडिया में पश्चिम भारत के लिए वैज्ञानिक और शैक्षणिक सहयोग के सहचारी (अटैची) डॉ. ओलिवियर फुडीम ने सीएसआईआर-राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान, गोवा, भारत का दौरा किया ।
- डॉ. जयंत कुमार रॉय, माननीय सांसद और विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण एवं वन, भारत सरकार की स्थायी समिति के सदस्य ने सीएसआईआर-राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान का दौरा किया ।

**कोई अन्य महत्वपूर्ण मद**

- सीएसआईआर-सीसीएमबी ने सिकल सेल एनीमिया के उपचार के रूप में हाइड्रॉक्सी यूरिया के उपयोग के लिए डीसीजीआई का अनुमोदन प्राप्त किया ।
- सीएसआईआर-सीएफटीआरआई: दिनांक 6.12.2021 को जिला महिला एवं बाल विकास विभाग, कर्नाटक सरकार और स्पिरुलिना फाउंडेशन, तुमकुर के सहयोग से मैसूर जिले में सैम बच्चों के लिए पोषण अंतराक्षेप कार्यक्रम का शुभारंभ ।
- सीएसआईआर-सीएसआईओ: 25 दिसंबर, 2021 को आईएसटीसी में 1977 बैच के आईएसटीसी उद्यमियों की एक दिवसीय औद्योगिक बैठक आयोजित की गई ।

**विभागीय गतिविधियां**

वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर) को प्रौद्योगिकी संवर्धन, विकास तथा समुपयोजन के साथ ही औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने का दायित्व सौंपा गया है। देश में अनुसंधान तथा विकास को बढ़ावा देने तथा संपोषित करने की दृष्टि से, विभाग औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास संवर्धन कार्यक्रम, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान संगठनों (साइरोज) तथा सरकारी वित्त पोषित अनुसंधान संस्थानों (पीएफआरआईएस) के लाभ के लिए नहीं, उद्योगों की संस्थागत अनुसंधान एवं विकास इकाइयों को मान्यता प्रदान एवं उनका पंजीकरण करता है और संबंधित सरकारी अधिसूचनाओं (समय-समय पर यथसंशोधित) के तहत इन मान्यताओं/पंजीकरणो का समय-समय पर नवीकरण करता है जिसके आधार पर इन संगठनों को उद्योग द्वारा अनुसंधान तथा विकास पर सीमा-शुल्क छूट, माल तथा सेवा कर (जीएसटी) रियायत तथा भारित कर कटौती (आयकर अधिनियम की धारा 35 (2एबी) के तहत) प्राप्त होती है। यह योजना देश में औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने में सहायता प्रदान करती है।

**औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास संवर्धन कार्यक्रम**

**उद्योग में संस्थागत अनुसंधान और विकास (आरएंडडी)की मान्यता/पंजीकरण तथा नवीनीकरण**

• उद्योगों की 20 संस्थागत अनुसंधान एवं विकास इकाईयों को मान्यता प्रदान करने के साथ-साथ पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

• उद्योगों की 33 संस्थागत अनुसंधान एवं विकास इकाईयों को मान्यता को नवीनीकरण प्रदान करने के साथ-साथ पंजीकरण के नवीनीकरण का प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

**वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान संगठन (साइरो)**
**साइरो की मान्यता /पंजीकरण और नवीनीकरण**

• 09 साइरो को मान्यता प्रदान की गई और 02 को पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदान किया गया ।
• 18 साइरो को मान्यता का नवीनीकरण प्रदान किया गया और 05 को पंजीकरण प्रमाणपत्रों का नवीनीकरण प्रदान किया गया
**सार्वजनिक वित्त पोषित अनुसंधान शोध संस्थान (पीएफआरआई)**
**पीएफआरआई का नवीनीकरण/पंजीकरण**
• 13 पीएफआरआई को पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्रदान करने की मान्यता दी गई।
• 30 पीएफआरआई को पंजीकरण प्रमाण-पत्र के नवीकरण की मान्यता दी गयी।

**वैकत्यिक,स्टार्टअप्स और एमएसएमई में नवोन्मेष का संवर्धन (प्रिज्म);**

निम्नलिखित चार परियोजनाओं को सफलता पूर्ण किया गया;

• शारीरिक रूप से अक्षम लोगों के लिए स्वचालित व्हील चेयर
• घर में बनी झुकने वाली मशीन
• मच्छर जनित तीन सबसे प्रचलित रोगों का पता लगाने के लिए एकल उपकरण का सत्यापन
• बांस फाइबर फेरो-सीमेंट का उपयोग करके पक्के आवास स्थलाकृति का विकास
ठोस

**<u>सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम</u>**

**सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (सीईएल)**

सीईएल डीएसआईआर का उपक्रम है जिसका उद्देश्य देश में राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं तथा अनुसंधान एवं विकास संस्थानों द्वारा विकसित स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का व्यावसायिक रूप से समुपयोजन करना है। इसने अपने स्वयं के अनुसंधान और विकास प्रयासों से देश में पहली बार अनेक उत्पादों का विकास किया है और यह रेलवे एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण/घटकों एवं अन्यों हेतु सोलर फोटोवोल्टैक प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक्स गजट्स के क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका पर सतत बल देता रहा है।

• कंपनी ने दिसंबर, 2021 के दौरान 3096.96 लाख रुपए मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक घटकों सिस्टम्स/ एसपीवी उत्पादों का विनिर्माण किया।

• दिसंबर, 2021 के दौरान 2480.84 लाख रुपए मूल्य का माल बेचा गया।

**राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (एनआरडीसी)**

एनआरडीसी विश्वविद्यालयों, तकनीकी संगठनों, उद्योगों तथा व्यक्तिक आविष्कारों के साथ ही साथ दीर्घावधि संबंधों को पोषित करते हुए प्रौद्योगिकी संसाधन आधार को व्यापक और सुदृढ करने पर ज़ोर देता आ रहा है।

• एनआरडीसी ने दो उद्योगों को व्यावसायिक उपयोग के लिए दो प्रौद्योगिकियों का लाइसेंस दिया गया है। एक कंपनी को आयुष-64 एक आयुर्वेदिक दवा बनाने की तकनीक का लाइसेंस दिया गया है, जिसे कोविड-19 के हल्के से मध्यम मामलों में उपयोग के लिए फिर से तैयार किया गया है। एनआरडीसी को दिसंबर, 2021 के दौरान एक संगठन/संस्थान द्वारा एक तकनीक सौंपी गई है।

• एनआरडीसी ने दिसंबर, 2021 के दौरान संबंधित प्रौद्योगिकियों से 13.15 लाख रुपये का प्रीमियम एकत्र किया है।

***************